समाचार

सौपे गए कार्यो को निष्ठा के साथ संपादित कराएं—आयुक्त

(आयुक्त श्री राहुल देव ने ली निगम के उप अभियंताओं की बैठक, कार्यो के संबंध में किया आवश्यक मार्गदर्शन)

कोरबा 23 सितम्बर 2019 —आयुक्त श्री राहुल देव ने आज निगम के उप अभियंताओं को निर्देश देते हुए कहा है कि वे सौपे गए कार्यो को निष्ठा के साथ संपादित कराएं, निर्माण कार्य स्थलों पर निर्माण के दौरान कार्यो का सत्त् रूप से निरीक्षण करें तथा यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है।

आयुक्त श्री राहुल देव ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के उप अभियंताओं की बैठक ली तथा कार्यो के संबंध में उनका आवश्यक मार्गदर्शन किया, बैठक के दौरान विभिन्न जोन में पदस्थ उप अभियंताओं को सौपे गए कार्यो की विस्तार से जानकारी लेते हुए, उन्होने अभियंताओं से कहा कि आप मैदानी स्तर पर कार्य करते हो, वार्डो की समस्याओं, लोगों की जरूरतों से भलीभांति परिचित हो। उन्होने कहा कि इसके साथ ही वार्डो में पदस्थ उप अभियंता अपने प्रभार वाले वार्डो का निरंतर निरीक्षण करें तथा यह देंखे कि वहां की बड़ी समस्याएं क्या है, उनके निराकरण के लिए क्या किया जाना उचित होगा ताकि उन समस्याओं का त्वरित रूप से निराकरण किया जा सके, उन्होने कहा कि जनसमस्याओं का निराकरण आप सबकी प्राथमिकता में होना चाहिए। आयुक्त श्री देव ने बैठक के दौरान जोनवार एवं वार्डवार प्रगतिरत कार्यो की विस्तार से समीक्षा की तथा जो कार्य वर्तमान में जारी हैं, उनमें आवश्यक गति लाने एवं समयसीमा में कार्यो को पूरा करने के निर्देश दिए तथा कार्यो के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन उप अभियंताओं को दिया।

अतिक्रमण एवं सफाई व्यवस्था पर नजर रखें— बैठक के दौरान आयुक्त श्री देव ने उप अभियंताओं से कहा कि वे अपने—अपने कार्यक्षेत्रों में भ्रमण के दौरान अतिक्रमण एवं वहां की साफ—सफाई व्यवस्था पर गहरी नजर रखें, जहां कहीं भी अतिक्रमण होता दिखाई दे, उसकी सूचना तत्काल अतिक्रमण प्रभारी को दें। इसी प्रकार साफ—सफाई व्यवस्था पर

नजर रखते हुए, जहां कहीं भी गंदगी नजर आये तो उसकी सूचना स्वच्छता निरीक्षकों व स्वच्छता विभाग के अधिकारियों को दें ताकि समय पर सफाई कार्य सुनिश्चित किए जा सके।

बैठक के दौरान उप अभियंता लीलाधर पटेल, पीयूष राजपूत, रमेश सूर्यवंशी, यशवंत जोगी, देवेन्द्र स्वर्णकार, अरूण बघेल, योगेन्द्र देवांगन, आकाश अग्रवाल, सुनील तांडे, एस.सी.सोनी, रूचि साहू, डी.के. साहू, सोमनाथ डहरे, गुलिस्ता साहू, अंजूलता तिग्गा, अभय मिंज, गोयल सिंह विमल, रितेश कुमार सिंह, प्रमोद कुमार जगत, अनिल कुमार राम, अश्वनीकुमार दास आदि के साथ अन्य उपअभियंतागण उपस्थित थे।